"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक "छत्तीसगढ़/दुर्ग/तक. 114-009/2003/20-01-03."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 19] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 11 मई 2007—वैशाख 21, शक 1929

विषय—सूची

भाग १

राज्य शासन के आदेश

RAJ BHAVAN, RAIPUR

Raipur, the 25th April 2007

ORDER

(Under clause (1) of Article 192 of the Constitution of India)

No. F 107/RB/SA/07.—A petition dated 3rd April 2006 by Shri Subhash Chandra Keshwarwani Secretary Om Shanti Samiti, Shivrinarayan, district Janjgir-Champa, seeking disqualification of Shri Mahant Ram Sunder Das, Member of Chhattisgarh Legislative Assembly, under sub clause (a) of clause (1) of article 191 of the Constitution of India, was submitted to Governor of Chhattisgarh.

2. By reference dated 23rd May 2006 under clause 2 of article 192 of the Constitution, the opinion of Election Commission of India on the question as to whether the above mentioned Member of Chhattisgarh Legislative Assembly had become subject to disqualification under sub clause (a) of clause (1) of article 191 of the Constitution, was

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित.

sought. The Election Commission of India has given its opinion that in view of the well settled constitutional position, the question of the alleged disqualification of Shri Mahant Ram Sunder Das, Member of Chhattisgarh Legislative Assembly, being a case of pre-election disqualification, if at all, can not be raised before, or decided by, the Governor of Chhattisgarh under clause 1 of article 192 of the Constitution and that the present petition is, therefore, not maintainable before the Governor of Chhattisgarh.

3. I, E. S. L. Narasimhan, Governor of Chhattisgarh, after taking into account all relevant material facts and the opinion of the Election Commission as aforesaid, do hereby decide that the above petition of Shri Subhash Chandra Kesharwani is not maintainable under Article 192 (1) of the Constitution and therefore the petition is rejected.

Sd/-
E. S. L. NARASIMHAN,
Governor of Chhattisgarh.

सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 25 अप्रैल 2007

क्रमांक ई-01-01/2007/एक/2.—इस विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 12-4-2007 द्वारा श्री सुनिल कुजूर, भा. प्र. से. (1986), सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, तकनीकी शिक्षा, जनशक्ति तथा विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग एवं सचिव, जल संसाधन विभाग को महानिदेशक, छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया था, एतद्द्वारा निरस्त किया जाता है.

रायपुर, दिनांक 27 अप्रैल 2007

क्रमांक ई-01-01/2007/एक/2.—डॉ. पी. राघवन, भा. प्र. से. (सीजी-1971) को आदेश क्रमांक ई 2-16/2004/एक/2, दिनांक 03-10-2006 के द्वारा निलंबन से बहाल कर उनको अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक संचालक, आदिमजाति अनुसंधान तथा प्रशिक्षण केन्द्र, रायपुर के पद पर पदस्थ किया जाता है.

2. डॉ. राघवन द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के दिनांक से राज्य शासन, भारतीय प्रशासनिक सेवा (वेतन) नियम, 1954 के नियम-9 के तहत संचालक, आदिमजाति अनुसंधान तथा प्रशिक्षण केन्द्र के असंवर्गीय पद को प्रतिष्ठा एवं जिम्मेदारी में, भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रमुख सचिव वेतनमान के संवर्गीय पद के समकक्ष घोषित करता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
शिवराज सिंह, मुख्य सचिव.

रायपुर, दिनांक 17 अप्रैल 2007

क्रमांक 974/657/2007/1/2.—इस विभाग का आदेश दिनांक 10-04-2007 द्वारा श्री संजय गर्ग, भा. प्र. से. कलेक्टर, कोरबा को दिनांक 30-04-2007 से 11-05-2007 तक (12 दिवस) का स्वीकृत अर्जित अवकाश में संशोधन करते हुए अब उन्हें दिनांक 07-05-2007 से 18-05-2007 तक (12 दिवस) का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है. साथ ही दिनांक 06, 19 एवं 20 मई, 2007 के शासकीय अवकाश को जोड़ने की अनुमति भी दी जाती है.

2. शेष शर्तें यथावत् रहेंगी.

रायपुर, दिनांक 19 अप्रैल 2007

क्रमांक/ई 04-03/2006/एक/2.—श्री आर. एस. विश्वकर्मा, कलेक्टर, राजनांदगांव को दिनांक 23 अप्रैल, 2007 से 15 जून, 2007 तक लाल बहादूर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी मसूरी में आयोजित प्रशिक्षण हेतु नियोजित किया गया है. श्री विश्वकर्मा के उक्त प्रशिक्षण अवधि में श्री डी. डी. सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत, राजनांदगांव अपने वर्तमान कर्त्तव्यों के साथ-साथ कलेक्टर, राजनांदगांव के कार्य को भी सम्पादित करेंगे.

रायपुर, दिनांक 19 अप्रैल 2007

क्रमांक ई-7/21/2004/1/2.—श्री अजय सिंह, भा. प्र. से., आयुक्त वाणिज्यिक कर एवं पदेन सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, वाणिज्यिक कर विभाग को दिनांक 09-05-2007 से 23-05-2007 तक (15 दिवस) का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

2. अवकाश से लौटने पर श्री सिंह आगामी आदेश तक आयुक्त, वाणिज्यिक कर एवं पदेन सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, वाणिज्यिक कर विभाग के पद पर पुनः पदस्थ होंगे.

3. अवकाश काल में श्री सिंह को अवकाश वेतन भत्ता एवं अन्य भत्ते उसी प्रकार देय होंगे, जो उन्हें अवकाश पर जाने के पूर्व मिलते थे.

4. प्रमाणित किया जाता है कि यदि श्री सिंह अवकाश पर नहीं जाते तो अपने पद पर कार्य करते रहते.

रायपुर, दिनांक 20 अप्रैल 2007

क्रमांक ई-7/06/2005/1/2.—इस विभाग का समसंख्यक आदेश दिनांक 05-04-2007 द्वारा श्री टी. राधाकृष्णन, भा. प्र. से., प्रमुख सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, संस्कृति एवं पर्यटन विभाग को दिनांक 02-04-2007 से 10-04-2007 तक (09 दिवस) का अर्जित अवकाश स्वीकृत किया गया था. इसी अनुक्रम में श्री राधाकृष्णन को दिनांक 11-04-2007 को एक दिवस का और अर्जित अवकाश स्वीकृत किया जाता है.

2. शेष शर्तें यथावत् रहेंगी.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
के. के. बाजपेयी, उप-सचिव.

गृह (सामान्य) विभाग
(विभागीय परीक्षा प्रकोष्ठ)
मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 20 अप्रैल 2007

क्रमांक एफ-9-1/दो/गृह/07.—सामान्य प्रशासन राजस्व एवं भू-अभिलेख विभाग के अधिकारियों के लिए राज्य शासन द्वारा नियत विभागीय परीक्षा, जो दिनांक 22 जनवरी 2007 को प्रश्न पत्र "दाण्डिक प्रथम प्रश्न-पत्र" (पुस्तकों सहित केवल अधिनियम) द्वितीय प्रश्न-पत्र विषय में सम्पन्न हुई थी, में सम्मिलित निम्न परीक्षार्थियों को उत्तीर्ण घोषित किया जाता है :—

परीक्षा केन्द्र रायपुर

अनु. (1)	परीक्षार्थी का नाम (2)	पदनाम (3)	उत्तीर्ण होने का स्तर (4)
1.	कु. मनीषा डहरिया	नायब तहसीलदार	प्रथम में निम्नस्तर द्वितीय में उच्चस्तर

(1)	(2)	(3)	(4)
2.	कु. रोक्तिमा राय	डिप्टी कलेक्टर	द्वितीय में उच्चस्तर

परीक्षा केन्द्र बिलासपुर

3.	कु. रजनी भगत	नायब तहसीलदार	प्रथम में निम्नस्तर
4.	सुश्री सुनीता केशरवानी	नायब तहसीलदार	प्रथम में निम्नस्तर
5.	श्री धनपत लाल धृतलहरे	राजस्व निरीक्षक	प्रथम में निम्नस्तर द्वितीय में उच्चस्तर
6.	श्री अखिलेश कुमार विश्वकर्मा	राजस्व निरीक्षक	प्रथम में निम्नस्तर द्वितीय में उच्चस्तर
7.	श्री दिलजीत सिंह भट्टी	राजस्व निरीक्षक	प्रथम में निम्नस्तर द्वितीय में सश्रेय
8.	श्री अशोक कुमार उपाध्याय	राजस्व निरीक्षक	प्रथम में निम्नस्तर द्वितीय में उच्चस्तर
9.	श्री ओम प्रकाश चौधरी	सहा. कलेक्टर	प्रथम में उच्चस्तर द्वितीय में सश्रेय
10.	श्री राजेश सुकुमार टोप्पो	सहा. कलेक्टर	प्रथम में उच्चस्तर
11.	कु. सन्तन देवी जांगड़े	डिप्टी कलेक्टर	द्वितीय में सश्रेय
12.	श्री दीपक कुमार अग्रवाल	डिप्टी कलेक्टर	द्वितीय में सश्रेय

परीक्षा केन्द्र जगदलपुर

13.	कु. गीता रायस्त	नायब तहसीलदार	प्रथम में निम्नस्तर

निम्नांकित परीक्षार्थियों को उनके नाम के सम्मुख अंकित प्रश्न-पत्र में अपेक्षित स्तर अथवा उससे अधिक अंक प्राप्त कर लेने के फलस्वरूप उक्त प्रश्न-पत्र में आगामी परीक्षा में बैठने से छूट प्रदान की जाती है.

परीक्षा केन्द्र रायपुर

अनु. (1)	परीक्षार्थी का नाम (2)	पदनाम (3)	उत्तीर्ण होने का स्तर (4)
1.	श्री राजकिशोर वर्मा	वरिष्ठ श्रेणी पारगामी	प्रथम में निम्नस्तर
2.	श्री संजय कन्नौजे	डिप्टी कलेक्टर	प्रथम में उच्चस्तर

परीक्षा केन्द्र बिलासपुर

3.	श्री जवाहर सिंह मार्को	राजस्व निरीक्षक	द्वितीय में निम्नस्तर
4.	श्री हीरालाल देवांगन	राजस्व निरीक्षक	द्वितीय में निम्नस्तर

परीक्षा केन्द्र जगदलपुर

5.	श्री भगवान सिंह उइके	डिप्टी कलेक्टर	द्वितीय में उच्चस्तर
6.	श्रीमती पुष्पा श्रीवास्तव खरे	अधीक्षक	द्वितीय में उच्चस्तर
7.	श्री बिहारी लाल जुर्री	अधीक्षक	द्वितीय में निम्नस्तर

रायपुर, दिनांक 23 अप्रैल 2007

क्रमांक एफ-9-18/दो/गृह/07.—पुलिस विभाग के अधिकारियों के लिए राज्य शासन द्वारा नियत विभागीय परीक्षा, जो दिनांक 24 जनवरी 2007 को प्रश्न पत्र "पुलिस शाखा" (पुस्तकों सहित) विषय में सम्पन्न हुई थी, में सम्मिलित निम्न परीक्षार्थियों को उत्तीर्ण घोषित किया जाता है :—

परीक्षा केन्द्र रायपुर

अनु. (1)	परीक्षार्थी का नाम (2)	पदनाम (3)
1.	श्रीमती नेहा चम्पावत	एस. डी. ओ. पी.
	परीक्षा केन्द्र बिलासपुर	
2.	श्री अजय कुमार यादव	सहायक पुलिस अधीक्षक (IPS)
3.	श्री अंकित कुमार गर्ग	सहायक पुलिस अधीक्षक
4.	श्री बद्री नारायण मीणा	सहायक पुलिस अधीक्षक (IPS)

रायपुर, दिनांक 23 अप्रैल 2007

क्रमांक एफ-9-25/दो/गृह/07.—पंचायत एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों के लिये राज्य शासन द्वारा नियत विभागीय परीक्षा, जो दिनांक 25 जनवरी 2007 को प्रश्न पत्र "लेखा" प्रथम प्रश्न पत्र (बिना पुस्तकों के) द्वितीय प्रश्न पत्र (पुस्तकों सहित) विषय में सम्पन्न हुई थी, में सम्मिलित निम्न परीक्षार्थियों को उत्तीर्ण घोषित किया जाता है :—

परीक्षा केन्द्र बिलासपुर

अनु. (1)	परीक्षार्थी का नाम (2)	पदनाम (3)	उत्तीर्ण होने का स्तर (4)
1.	श्री लालसाय निराला	सहायक महिला बाल विकास अधिकारी	उच्चस्तर
	परीक्षा केन्द्र रायपुर		
2.	कु. रेनू प्रकाश	जिला महिला बाल विकास अधिकारी	उच्चस्तर

रायपुर, दिनांक 23 अप्रैल 2007

क्रमांक एफ-9-33/दो/गृह/07.—मत्स्य पालन विभाग के अधिकारियों के लिये राज्य शासन द्वारा नियत विभागीय परीक्षा, जो दिनांक 27 जनवरी 2007 को प्रश्न पत्र 'लेखा' प्रथम प्रश्न पत्र (बिना पुस्तकों के) द्वितीय प्रश्न पत्र (पुस्तकों सहित) विषय में सम्पन्न हुई थी, में सम्मिलित निम्न परीक्षार्थियों को उत्तीर्ण घोषित किया जाता है :—

परीक्षा केन्द्र जगदलपुर

अनु. (1)	परीक्षार्थी का नाम (2)	पदनाम (3)	उत्तीर्ण होने का स्तर (4)
1.	श्री सतीश कुमार अहिरवार	सहायक संचालक	उच्चस्तर

(1)	(2)	(3)	(4)
	परीक्षा केन्द्र रायपुर		
2.	श्री देव कुमार सिंह	सहायक संचालक	उच्चस्तर

रायपुर, दिनांक 23 अप्रैल 2007

क्रमांक एफ-9-42/दो/गृह/07.—ऊर्जा विभाग के विद्युत निरीक्षकों के लिए राज्य शासन द्वारा नियत विभागीय परीक्षा, जो दिनांक 23 जनवरी 2007 को प्रश्न पत्र "लेखा व स्थापना प्रश्न-पत्र-4" विषय में सम्पन्न हुई थी, में सम्मिलित निम्न परीक्षार्थियों को उत्तीर्ण किया जाता है :—

परीक्षा केन्द्र रायपुर

अनु. (1)	परीक्षार्थी का नाम (2)	पदनाम (3)
1.	श्री सी. एस. खान्डे	सहायक अभियंता (वि. सु.)

रायपुर, दिनांक 24 अप्रैल 2007

क्रमांक एफ-9-12/दो/गृह/07.—वाणिज्यिक कर विभाग के अधिकारियों के लिए राज्य शासन द्वारा नियत विभागीय परीक्षा, जो दिनांक 24 जनवरी 2007 को प्रश्न पत्र "पुस्तपालन तथा कर निर्धारण" विषय में सम्पन्न हुई थी, में सम्मिलित निम्न परीक्षार्थियों को उत्तीर्ण घोषित किया जाता है :—

परीक्षा केन्द्र बिलासपुर

अनु. (1)	परीक्षार्थी का नाम (2)	पदनाम (3)	उत्तीर्ण होने का स्तर (4)
1.	कु. नीलमणी टोप्पो	वाणिज्यिक कर निरीक्षक	सश्रेय
2.	कु. मीना मिश्रा	वाणिज्यिक कर निरीक्षक	सश्रेय
3.	सोनिया नायक	वाणिज्यिक कर अधिकारी	सश्रेय
4.	श्री सुनील चौधरी	अतिरिक्त वाणिज्यिक कर अधिकारी	सश्रेय
5.	कु. भावना नेताम	वाणिज्यिक कर अधिकारी	सश्रेय
6.	श्री अजय कुमार देवांगन	वाणिज्यिक कर अधिकारी	सश्रेय
7.	श्री गोपाल वर्मा	वाणिज्यिक कर अधिकारी	उच्चस्तर
8.	श्री छतराम महिलांगे	वाणिज्यिक कर अधिकारी	सश्रेय

रायपुर, दिनांक 24 अप्रैल 2007

क्रमांक एफ-9-27/दो/गृह/07.—उत्पाद शुल्क आबकारी विभाग के अधिकारियों के लिए राज्य शासन द्वारा नियत विभागीय परीक्षा, जो दिनांक 25 जनवरी 2007 को प्रश्न पत्र "लेखा" (पुस्तकों सहित) विषय में सम्पन्न हुई थी, में सम्मिलित निम्न परीक्षार्थियों को उत्तीर्ण घोषित किया जाता है :—

परीक्षा केन्द्र बिलासपुर

अनु. (1)	परीक्षार्थी का नाम (2)	पदनाम (3)	उत्तीर्ण होने का स्तर (4)
1.	कु. शीला बड़ा	आबकारी उप निरीक्षक	सश्रेय
2.	श्री आदित्य शर्मा	आबकारी उप निरीक्षक	उच्चस्तर
3.	श्री अरविन्द्र कुमार वानी	आबकारी उप निरीक्षक	उच्चस्तर
4.	श्री गोपाल प्रसाद साहू	आबकारी उप निरीक्षक	उच्चस्तर
5.	श्री रविकांत जायसवाल	आबकारी उप निरीक्षक	उच्चस्तर
6.	श्री विजय कुमार तम्बोली	आबकारी उप निरीक्षक	उच्चस्तर
7.	श्री रविन्द्र कुमार पाण्डेय	आबकारी उप निरीक्षक	उच्चस्तर
8.	श्रीमती समिधा पाण्डेय	आबकारी उप निरीक्षक	सश्रेय
9.	कु. निष्ठा पाण्डेय	आबकारी उप निरीक्षक	सश्रेय
10.	कु. अंजली श्रीवास्तव	आबकारी उप निरीक्षक	सश्रेय
11.	श्री सुनील कुमार	आबकारी उप निरीक्षक	सश्रेय

परीक्षा केन्द्र रायपुर

अनु. (1)	परीक्षार्थी का नाम (2)	पदनाम (3)	उत्तीर्ण होने का स्तर (4)
12.	श्री जनार्दन सिंह कौरव	आबकारी उप निरीक्षक	सश्रेय
13.	श्री उमेश कुमार अग्रवाल	आबकारी उप निरीक्षक	सश्रेय
14.	श्री लक्ष्मीकान्त गायकवाड़	आबकारी उप निरीक्षक	उच्चस्तर
15.	श्री शशि कला पैकरा	आबकारी उप निरीक्षक	सश्रेय
16.	श्री मदन लाल ठाकुर	आबकारी उप निरीक्षक	निम्नस्तर
17.	श्री राजेश कुमार शर्मा	आबकारी उप निरीक्षक	सश्रेय

रायपुर, दिनांक 25 अप्रैल 2007

क्रमांक एफ-9-6/दो/गृह/07.—इस विभाग द्वारा जारी अधिसूचना समसंख्यक पत्र क्रमांक-दिनांक 18-04-2007 द्वारा "प्रशासनिक राजस्व विधि तथा प्रक्रिया प्रथम प्रश्नपत्र भाग-ए, बी, सी, द्वितीय एवं तृतीय प्रश्न-पत्र" विषय के परीक्षा केन्द्र रायपुर के सरल क्रमांक-23 पर "कु. रोक्तिमा राय, डिप्टी कलेक्टर प्रथम में सश्रेय, द्वितीय में उच्चस्तर" के स्थान पर "कु. रोक्तिमा राय, डिप्टी कलेक्टर प्रथम में सश्रेय, तृतीय में उच्चस्तर" पढ़ा जावे.

रायपुर, दिनांक 25 अप्रैल 2007

क्रमांक एफ-9-17/दो/गृह/07.—सामान्य प्रशासन एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों के लिए राज्य शासन द्वारा नियत विभागीय परीक्षा, जो दिनांक 24 जनवरी 2007 को प्रश्न पत्र "सिविल विधि तथा प्रक्रिया" (पुस्तकों सहित) विषय में सम्पन्न हुई थी, में सम्मिलित निम्न परीक्षार्थियों को उत्तीर्ण घोषित किया जाता है :—

परीक्षा केन्द्र बिलासपुर

अनु. (1)	परीक्षार्थी का नाम (2)	पदनाम (3)	उत्तीर्ण होने का स्तर (4)
1.	श्री धनपतलाल धृतलहरे	राजस्व निरीक्षक	निम्नस्तर
2.	श्री अखिलेश कुमार विश्वकर्मा	राजस्व निरीक्षक	निम्नस्तर
3.	श्री दिलजीत सिंह भट्टी	राजस्व निरीक्षक	निम्नस्तर
	परीक्षा केन्द्र रायपुर		
4.	कु. मनीषा डहरिया	नायब, तहसीलदार	निम्नस्तर
5.	श्री राज किशोर वर्मा	वरिष्ठ श्रेणी पारगामी	निम्नस्तर
	परीक्षा केन्द्र जगदलपुर		
6.	श्री भगवान सिंह उइके	डिप्टी कलेक्टर	उच्चस्तर

रायपुर, दिनांक 27 अप्रैल 2007

क्रमांक एफ-9-34/दो/गृह/07.—कृषि विभाग के कृषि कार्यपालिक प्रथम, द्वितीय व तृतीय श्रेणी के अधिकारियों के लिए राज्य शासन द्वारा नियत विभागीय परीक्षा, जो दिनांक 27 जनवरी 2007 को प्रश्न पत्र "लेखा" प्रथम प्रश्न पत्र (पुस्तकों सहित) द्वितीय प्रश्न पत्र (बिना पुस्तकों के) विषय में सम्पन्न हुई थी, में सम्मिलित निम्न परीक्षार्थियों को उत्तीर्ण घोषित किया जाता है :—

परीक्षा केन्द्र जगदलपुर

अनु. (1)	परीक्षार्थी का नाम (2)	पदनाम (3)	उत्तीर्ण होने का स्तर (4)
1.	श्री योगेश कुमार मेश्राम	कृषि विकास अधिकारी	निम्नस्तर
2.	श्री संजय कुमार डहरिया	कृषि विकास अधिकारी	निम्नस्तर
	परीक्षा केन्द्र रायपुर		
3.	श्री देवेन्द्र कुमार रामटेके	सहायक संचालक	उच्चस्तर
4.	श्री संतलाल	वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी	निम्नस्तर
5.	श्री दुरेश साय पैकरा	वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी	उच्चस्तर
6.	श्री प्रहलाद सिंह कुसरों	वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी	निम्नस्तर

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
संजय पिल्ले, सचिव.

आवास एवं पर्यावरण विभाग

मंत्रालय, दाऊ कल्याण सिंह भवन, रायपुर

रायपुर, दिनांक 27 अप्रैल 2007

क्रमांक 770/3034/32/06.—छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम, 1973 (क्र. 23 सन् 1973) की धारा 23 (क) की उप धारा (2) के अंतर्गत सूचना क्रमांक-112/2357/32/2006 दिनांक 18-01-2007 द्वारा बिलासपुर विकास योजना में निम्नानुसार उपांतरण प्रस्तावित किया गया है, जिसकी सूचना दो समाचार पत्रों में प्रकाशित की गई थी.

बिलासपुर विकास योजना के उपांतरण प्रस्ताव

क्र.	ग्राम का नाम	खसरा क्र.	रकबा	विकास योजना अंगीकृत प्रस्ताव	अधिनियम की धारा 23 "क" के तहत उपांतरण के प्रस्ताव
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1.	तिफरा,	1	1.651	आवासीय	औद्योगिक
	प. ह. नं.-23	2	0.129		
		3/1	0.393		
		3/2	0.393		
		4	0.142		
		5	0.534		
		7/1	0.324		
		7/3	0.324		
		8	0.781		
		9	1.064		
		10/1	0.154		
		10/2	0.299		
		10/3	0.149		
		11	0.603		
		12/1	0.413		
		12/2	0.417		
		13	0.745		
		14/1	0.243		
		14/2	0.121		
		14/3	0.243		
		15/1 एवं 18/1	0.735		
		15/2 एवं 18/2	0.737		
		16	0.987		
		17	0.223		
		19/1 एवं 20/1	0.539		
		19/2	0.174		
		19/3 एवं 20/3	0.182		
		19/5 एवं 20/4	0.166		
		20/2	0.280		
		19/4 एवं 20/4	0.166		
		20/3	0.028		
		19/6 एवं 20/6	0.178		

(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
		21	1.153		
		22/1	0.450		
		22/2	0.672		
		22/3	0.222		
		6	10.032		
		कुल योग	**26.463**		

सूचना में उल्लेखित निश्चित समयावधि के भीतर कोई आपत्ति/सुझाव प्राप्त नहीं हुए है. अत: राज्य शासन एतद्द्वारा बिलासपुर विकास योजना में उपरोक्त उपांतरण की पुष्टि करता है तथा सूचित करता है कि यह उपांतरण बिलासपुर विकास योजना का अंगीकृत भाग होगा.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एस. एस. बजाज, विशेष सचिव.

राजस्व विभाग

कार्यालय, कलेक्टर, जिला रायगढ़, छत्तीसगढ़ एवं पदेन उप-सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व विभाग

रायगढ़, दिनांक 2 अप्रैल 2007

भू-अर्जन प्रकरण क्रमांक 23 /अ-82/2006-07.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से ( ) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1984 (क्रमांक एक सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, इस अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
रायगढ़	रायगढ़	अतरमुड़ा बड़े प. ह. नं. 13	0.688	कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण संभाग सेतु निर्माण, बिलासपुर.	बायपास मार्ग पर जिंदल पंप हाउस के निकट केलो सेतु पहुंच मार्ग निर्माण हेतु भू-अर्जन.

भूमि का नक्शा (प्लान) अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, रायगढ़ के कार्यालय में देखा जा सकता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
एस. के. राजू, कलेक्टर एवं पदेन उप-सचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा, छत्तीसगढ़ एवं पदेन उप-सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व विभाग

दंतेवाड़ा, दिनांक 25 अप्रैल 2007

क्रमांक/588/भू-अर्जन/राप्रक्र/अ-82/2006-07.— चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (2) के उपबन्धों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा इस अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है. राज्य शासन यह भी निर्देश देता है कि उक्त अधिनियम की धारा 5 (अ) के उपबन्ध उक्त भूमि के संबंध में लागू नहीं होंगे, क्योंकि उसकी राय में उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (1) के उपबन्ध उसके संबंध में लागू होते हैं :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा	दन्तेवाड़ा	भान्सी	279.54	महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र दक्षिण बस्तर, दन्तेवाड़ा (छ. ग.)	मेसर्स एस्सार स्टील लिमि. छ. ग. के द्वारा एकीकृत स्टील प्लांट के स्थापना हेतु.

दंतेवाड़ा, दिनांक 25 अप्रैल 2007

क्रमांक/591/भू-अर्जन/राप्रक्र/अ-82/2006-07.— चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (2) के उपबन्धों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा इस अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है. राज्य शासन यह भी निर्देश देता है कि उक्त अधिनियम की धारा 5 (अ) के उपबन्ध उक्त भूमि के संबंध में लागू नहीं होंगे, क्योंकि उसकी राय में उक्त अधिनियम की धारा 17 की उपधारा (1) के उपबन्ध उसके संबंध में लागू होते हैं. :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा	दन्तेवाड़ा	धुरली	109.57	महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र दक्षिण बस्तर, दन्तेवाड़ा (छ. ग.)	मेसर्स एस्सार स्टील लिमि. छ. ग. के द्वारा एकीकृत स्टील प्लांट के स्थापना हेतु ग्राम धुरली में भूमि अर्जन.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
के. आर. पिस्दा, कलेक्टर एवं पदेन उप-सचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला कोरबा, छत्तीसगढ़ एवं पदेन उप-सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व विभाग

कोरबा, दिनांक 5 अप्रैल 2007

क्रमांक 3174 / भू-अर्जन/2007.—चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक सन् 1894) संशोधित भू-अर्जन अधिनियम, 1984 की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, इस अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
कोरबा	कोरबा.	रिसदी	0.081	अधीक्षण यंत्री (सिविल) संभाग क्रमांक 3, कोरबा पूर्व.	राखड़ बांध हेतु

भूमि का नक्शा (प्लान) भू-अर्जन अधिकारी (राजस्व), कोरबा के कार्यालय में देखा जा सकता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
संजय गर्ग, कलेक्टर एवं पदेन उप-सचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़ एवं पदेन उप-सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व विभाग

बिलासपुर, दिनांक 19 अप्रैल 2007

क्रमांक 18/अ-82/2006-07.— चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि इससे संलग्न अनुसूची के खाने (1) से (4) में वर्णित भूमि की अनुसूची के खाने (6) में उसके सामने दिये गये सार्वजनिक प्रयोजन के लिये आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक 1 सन् 1894) की धारा 4 की उपधारा (1) के उपबन्धों के अनुसार इसके द्वारा सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है कि राज्य शासन, इसके द्वारा, इस अनुसूची के खाने (5) में उल्लेखित अधिकारी को उक्त भूमि के संबंध में उक्त धारा 4 की उपधारा (2) द्वारा दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है :—

अनुसूची

भूमि का वर्णन				धारा 4 की उपधारा (2) के द्वारा प्राधिकृत अधिकारी	सार्वजनिक प्रयोजन का वर्णन
जिला	तहसील	नगर/ग्राम	लगभग क्षेत्रफल (हेक्टेयर में)		
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
बिलासपुर	मुंगेली	मुंगेली प. ह. नं. 6	0.255	कार्यपालन अभियंता, मनियारी जल संसाधन संभाग, मुंगेली.	रामगढ़ एनीकट के शीर्ष कार्य हेतु.

भूमि का नक्शा (प्लान) अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं भू-अर्जन अधिकारी, मुंगेली के कार्यालय में देखा जा सकता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
गौरव द्विवेदी, कलेक्टर एवं पदेन उप-सचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़ एवं पदेन उप-सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व विभाग

दुर्ग, दिनांक 24 अप्रैल 2007

क्रमांक 607/प्र. 1/अ-82/2007.—चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची के पद (1) में वर्णित भूमि की अनुसूची के पद (2) में उल्लेखित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक 1 सन् 1894) की धारा 6 के अन्तर्गत इसके द्वारा यह घोषित किया जाता है कि उक्त भूमि की उक्त प्रयोजन के लिए आवश्यकता है :—

अनुसूची

(1) भूमि का वर्णन-
- (क) जिला-दुर्ग
- (ख) तहसील-गुण्डरदेही
- (ग) नगर/ग्राम-सिब्दी, प. ह. नं. 4
- (घ) लगभग क्षेत्रफल-0.72 एकड़

खसरा नम्बर	रकबा (एकड़ में)
(1)	(2)
74	0.08
549	0.17
547	0.29
548	0.16
577	0.02
योग	0.72

(2) सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिए आवश्यकता है- खरखरा मोहदीपाट परियोजना के अन्तर्गत बुड़ेना डिस्ट्रीब्यूटरी नहर निर्माण हेतु.

(3) भूमि के नक्शे (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), पाटन, मुख्यालय दुर्ग में देखा जा सकता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
सुब्रत साहू, कलेक्टर एवं पदेन उप-सचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर, छत्तीसगढ़ एवं पदेन उप-सचिव, छत्तीसगढ़ शासन राजस्व विभाग

कांकेर, दिनांक 25 अप्रैल 2007

क्रमांक/214/भू-अर्जन/2007.—चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची के पद (1) में वर्णित भूमि की अनुसूची के पद (2) में उल्लेखित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक सन् 1894) की धारा 6 के अन्तर्गत इसके द्वारा यह घोषित किया जाता है कि उक्त भूमि की उक्त प्रयोजन के लिए आवश्यकता है :—

अनुसूची

(1) भूमि का वर्णन-
- (क) जिला-उत्तर बस्तर कांकेर
- (ख) तहसील-भानुप्रतापपुर
- (ग) नगर/ग्राम-दुर्गूकोंदल
- (घ) लगभग क्षेत्रफल-2.76 हेक्टेयर

खसरा नम्बर	रकबा (हेक्टेयर में)
(1)	(2)
09/1	0.52
20	0.09
7/1	0.28
13	0.37
7/2	0.11
9/2	0.11
14	0.16
19	0.06
18	0.66
17/1	0.40
योग	2.76

(2) सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण- पलाचूर तालाब के दायीं नहर निर्माण हेतु.

(3) भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण भू-अर्जन अधिकारी, जिला उत्तर बस्तर कांकेर के न्यायालय में किया जा सकता है.

कांकेर, दिनांक 25 अप्रैल 2007

क्रमांक/217/भू-अर्जन/2007.—चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची के पद (1) में वर्णित भूमि की अनुसूची के पद (2) में उल्लेखित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक सन् 1894) की धारा 6 के अन्तर्गत इसके द्वारा यह घोषित किया जाता है कि उक्त भूमि की उक्त प्रयोजन के लिए आवश्यकता है :—

अनुसूची

(1) भूमि का वर्णन-
- (क) जिला-उत्तर बस्तर कांकेर
- (ख) तहसील-भानुप्रतापपुर
- (ग) नगर/ग्राम-भण्डारडिंगी
- (घ) लगभग क्षेत्रफल-2.07 हेक्टेयर.

खसरा नम्बर (1)	रकबा (हेक्टेयर में) (2)
68	0.16
94	0.18
95	0.39
100	0.40
74	0.03
101	0.44
193	0.23
64	0.24
योग	2.07

(2) सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण-पलाचूर तालाब योजना अन्तर्गत दायीं नहर निर्माण, बायीं नहर निर्माण एवं लघु नहर निर्माण हेतु.

(3) भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण भू-अर्जन अधिकारी, जिला उत्तर बस्तर कांकेर के न्यायालय में किया जा सकता है.

कांकेर, दिनांक 25 अप्रैल 2007

क्रमांक/220/भू-अर्जन/2007.—चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची के पद (1) में वर्णित भूमि की अनुसूची के पद (2) में उल्लेखित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक सन् 1894) की धारा 6 के अन्तर्गत इसके द्वारा यह घोषित किया जाता है कि उक्त भूमि की उक्त प्रयोजन के लिए आवश्यकता है :—

अनुसूची

(1) भूमि का वर्णन-
- (क) जिला-उत्तर बस्तर कांकेर
- (ख) तहसील-भानुप्रतापपुर
- (ग) नगर/ग्राम-खुटगांव
- (घ) लगभग क्षेत्रफल-11.74 हेक्टेयर

खसरा नम्बर (1)	रकबा (हेक्टेयर में) (2)
355/1	0.42
353	0.10
351	0.13
352	0.21
197/4	0.14
197/2	0.11
197/5	0.04
197/1	0.06
197/3	0.08
183	0.13
184	0.19
179	0.18
222/2	0.01
178/1	0.29
64	0.36
72	0.29
73	0.01
178/2	0.07
176	0.31
42	0.76
174	0.11
223	0.13
220	0.10
230	0.02
233	0.71
299	0.20
294	0.27
307	0.47
234	0.02
295	0.04
301	0.56
293	0.12
238	0.63
239	0.40
228	0.06
297	0.13
289	0.24
287	0.40

(1)	(2)
269	0.30
286	0.35
290	0.03
286	0.13
285/2	0.20
285/3	0.17
282/1	0.28
173	0.26
45	0.46
39	0.24
38/1	0.38
222/1	0.05
285/1	0.02
282/4	0.01
71	0.36
योग 53	11.74

(2) सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण-पलाचूर तालाब योजना अन्तर्गत दायीं नहर निर्माण हेतु.

(3) भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण भू-अर्जन अधिकारी, जिला उत्तर बस्तर कांकेर के न्यायालय में किया जा सकता है.

कांकेर, दिनांक 25 अप्रैल 2007

क्रमांक/223/भू-अर्जन/2007.—चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची के पद (1) में वर्णित भूमि की अनुसूची के पद (2) में उल्लेखित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक सन् 1894) की धारा 6 के अन्तर्गत इसके द्वारा यह घोषित किया जाता है कि उक्त भूमि की उक्त प्रयोजन के लिए आवश्यकता है :—

अनुसूची

(1) भूमि का वर्णन-
(क) जिला-उत्तर बस्तर कांकेर
(ख) तहसील-भानुप्रतापपुर
(ग) नगर/ग्राम-पलाचुर
(घ) लगभग क्षेत्रफल-2.03 हेक्टेयर

खसरा नम्बर	रकबा (हेक्टेयर में)
(1)	(2)
18	0.02
3/2	1.10
21	0.10
3/1	0.52
53	0.29
योग	2.03

(2) सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण-पलाचूर तालाब योजना अन्तर्गत दायीं नहर निर्माण, बायीं नहर निर्माण एवं लघु नहर निर्माण हेतु.

(3) भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण भू-अर्जन अधिकारी, जिला उत्तर बस्तर कांकेर के न्यायालय में किया जा सकता है.

कांकेर, दिनांक 25 अप्रैल 2007

क्रमांक/226/भू-अर्जन/2007.—चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची के पद (1) में वर्णित भूमि की अनुसूची के पद (2) में उल्लेखित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक सन् 1894) की धारा 6 के अन्तर्गत इसके द्वारा यह घोषित किया जाता है कि उक्त भूमि की उक्त प्रयोजन के लिए आवश्यकता है :—

अनुसूची

(1) भूमि का वर्णन-
(क) जिला-उत्तर बस्तर कांकेर
(ख) तहसील-भानुप्रतापपुर
(ग) नगर/ग्राम-पलाचुर
(घ) लगभग क्षेत्रफल-1.32 हेक्टेयर

खसरा नम्बर	रकबा (हेक्टेयर में)
(1)	(2)
82	0.06
81	0.05
79	0.01
70	0.11
73/1	0.09
46	0.15
39	0.22

(1)	(2)
50	0.46
53	0.17
योग	1.32

(2) सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण-पलाचूर तालाब योजना अन्तर्गत दायीं नहर निर्माण हेतु.

(3) भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण भू-अर्जन अधिकारी, जिला उत्तर बस्तर कांकेर के न्यायालय में किया जा सकता है.

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
जी. एस. धनंजय, कलेक्टर एवं पदेन उप-सचिव.

कार्यालय, कलेक्टर, जिला राजनांदगांव, छत्तीसगढ़ एवं पदेन सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व विभाग

राजनांदगांव, दिनांक 5 अप्रैल 2007

क्रमांक 2723/भू-अर्जन/2007.—चूंकि राज्य शासन को इस बात का समाधान हो गया है कि नीचे दी गई अनुसूची के पद (1) में वर्णित भूमि की अनुसूची के पद (2) में उल्लेखित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है. अत: भू-अर्जन अधिनियम, 1894 (क्रमांक एक सन् 1894) की धारा 6 के अन्तर्गत इसके द्वारा यह घोषित किया जाता है कि उक्त भूमि की उक्त प्रयोजन के लिए आवश्यकता है :—

अनुसूची

(1) भूमि का वर्णन-
- (क) जिला-राजनांदगांव
- (ख) तहसील-राजनांदगांव
- (ग) नगर/ग्राम-माटरा खुज्जी, प. ह. नं. 68
- (घ) लगभग क्षेत्रफल-8.56 एकड़

खसरा नम्बर	रकबा (एकड़ में)
(1)	(2)
15	0.15
16	0.45
20/1	0.61
35/1	0.02
35/2	0.29
36	0.03
42/1	0.18
42/3	0.21
283/3	0.14
42/2	0.36
45	0.32
215	0.03
265	0.45
262/2	0.05
263/2	0.10
263/3	0.08
264	0.11
223	0.15
261	0.13
234	0.02
262/1	0.20
284/2	0.13
262/3	0.05
278	0.02
283/2	0.14
284/1	0.13
344/2	0.13
344/3	0.05
344/4	0.07
344/5	0.11
343	0.02
342	0.35
381/1	0.33
381/2	0.57
396	0.06
397	0.28
400	0.54
377	0.02
47	0.07
286	0.13
42/4	0.12
51	0.02
56/1	0.08
56/2	0.11
73/2	0.22
73/1	0.02
73/3	0.01
74	0.10
75	0.50
88	0.06

(1)	(2)
89	0.04
योग 51	8.56

(2) सार्वजनिक प्रयोजन जिसके लिए आवश्यकता है-राघोनवागांव जलाशय योजना के नहर नाली निर्माण हेतु.

